प्रादेशिक समाचार
25.07.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। श्री प्रधान ने अपने एक्स हैंडल पर इस्तीफे की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि युवाओं की आकांक्षाओं और भावनाओं का सम्मान करता हूँ।

****************

दिल्ली पुलिस ने कहा है कि नीट पेपर लीक मामले को लेकर चल रहे विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर वह सोशल मीडिया पर लगातार नजर रख रही है। आज नई दिल्ली में मीडिया को जानकारी देते हुए मध्य दिल्ली के पुलिस उपायुक्त रोहित राजबीर सिंह ने बताया कि दिल्ली पुलिस फर्जी खबरों, एआई और डीपफेक वीडियो, एडिटेड क्लिप और भ्रामक पोस्ट से संबंधित हर जानकारी सोशल मीडिया पर साझा कर रही है।

****************

राज्य में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण यानी एसआईआर के अंतिम चरण के तहत निर्वाचन आयोग ने राज्य भर से कुल 17 लाख 56 हजार अयोग्य मतदाताओं की पहचान की गयी है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि राज्य के विभिन्न जिलों में 2 लाख से अधिक डुप्लीकेट मतदाताओं की भी पहचान हुई है। उन्होंने कहा कि सूची को शत–प्रतिशत त्रुटिहीन बनाने के लिए आयोग प्रतिबद्ध है।

****************

सरायकेला–खरसावां जिले के राजनगर अंतर्गत कृष्णापुर गांव के रहने वाले आशीष कुमार दास को देश की अग्रणी आईटी कंपनी इंफोसिस का नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया है, जो 1 अप्रैल 2027 से पांच वर्षों के लिए यह कार्यभार संभालेंगे। उनकी इस ऐतिहासिक वैश्विक उपलब्धि पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बधाई दी है।

****************

धनबाद के सिंदरी अनुमंडल पुलिस कार्यालय में बोकारो रेंज के पुलिस महानिरीक्षक शैलेंद्र कुमार सिन्हा ने पुलिसिंग व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में कानून–व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों और विभागीय जांच की प्रगति का जायजा लिया गया। आईजी ने अधिकारियों को लंबित मामलों का समयबद्ध निष्पादन, अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई तथा जनता की शिकायतों के त्वरित समाधान का निर्देश दिया। उन्होंने संवेदनशील, जवाबदेह और प्रभावी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।

****************

झारखंड के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने आज देवघर में विश्व प्रसिद्ध राजकीय श्रावणी मेला–2026 की तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित यात्रा सुनिश्चित की जाए। मंत्री ने यात्री सुविधाओं, सुरक्षा, साफ–सफाई, यातायात और जलार्पण व्यवस्था की समीक्षा करते हुए सभी विभागों को आपसी समन्वय से समयबद्ध ढंग से तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए।

****************

घुरती रथ यात्रा के अवसर पर आज, नौ दिनों बाद भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा अपनी मौसी बाड़ी से मुख्य मंदिर लौटेंगे। रांची के धुर्वा स्थित ऐतिहासिक जगन्नाथपुर मंदिर में इस पावन अनुष्ठान को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। वहीं शाम को होने वाली इस वापसी यात्रा और भव्य मेले में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

****************

राज्य में इस वर्ष अल नीनो का प्रभाव बेअसर साबित हुआ है और जुलाई महीने में हुई अच्छी बारिश ने राज्य में कृषि और मौसम की स्थिति को बदल दिया है। मौसम विज्ञान केंद्र, रांची के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि जुलाई के दूसरे पखवाड़े में मॉनसून के रफ्तार पकड़ने से राज्य में बारिश की कमी दूर हुई है।

********समाप्त********